जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांकः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10111 / 2026 दिनांकः 06 जुलाई, 2026

प्रवेश सूचना

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः **जे०एन०सी०यू०/सा०प्र०/9820/2026, दिनांक 27 अप्रैल, 2026** द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालयों में संचालित कतिपय पाठ्यक्रमों में **शैक्षणिक सत्र 2026–2027** में प्रवेश हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। तत्क्रम में सूच्य है कि प्रवेश नियमावली के अनुसार परिसर में संचालित **एम० एससी०– (कृषि) एग्रोनॉमी, एम० एससी०–(कृषि) हार्टीकल्चर, बी०सी०ए० (ए०आई०) पाठ्यक्रम में ही प्रवेश परीक्षाएँ सम्पादित की जायेंगी तथा पी०जी०डी०सी०ए०, एम०कॉम० एवं बी०एससी० (कृषि) पाठ्यक्रम को छोड़कर अधोलिखित पाठ्यक्रमों हेतु दिनांकः 09 जुलाई, 2026 से प्रवेश हेतु काउन्सलिंग प्रारम्भ की जा रही है।** तत्क्रम में यथावर्णित विषयों/पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया है, ऐसे अभ्यर्थी यथावांछित प्रपत्रों के साथ **दिनांकः 09 जुलाई, 2026 से दिनांक 16 जुलाई, 2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 04:00 बजे तक हजारी प्रसाद द्विवेदी अकादमिक भवन /माधव शैक्षणिक भवन में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। विषय /पाठ्यक्रम का विवरण निम्नवत् है–**

क्र०	विषय / पाठ्यक्रम	सीटों की संख्या
1	बी०एफ०ए०	30
2	बी०बी०ए०	60
3	बी०कॉम० (बैंकिंग एण्ड इंश्योरेंस)	120
4	बी०लिब० एण्ड आई०एस–सी०	60
5	बी०ए०–एल०एल०बी० (5 वर्षीय पाठ्यक्रम)	120
6	एम०ए० – हिन्दी	60
7	एम०ए० – अंग्रेजी	60
8	एम०ए० – समाजशास्त्र	60
9	एम०ए० – राजनीतिशास्त्र	60
10	एम०ए० – अर्थशास्त्र	60
11	एम०ए० – प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व	60
12	एम०ए० – मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास	60
13	एम०ए० – गृह विज्ञान (मानव विकास)	30
14	एम०ए० – गृह विज्ञान (आहार एवं पोषण)	30
15	एम०ए० – भूगोल	30
16	मास्टर आफ सोशल वर्क (MSW)	60
17	एम०एससी० – भौतिक विज्ञान	30
18	एम०ए० गायन	30
19	एम०ए० तबला	30
20	पी०जी० डिप्लोमा इन टूरिज्म एण्ड हॉस्पीटैलिटी मैनेजमेन्ट (PGDTHM)	30
21	पी०जी० डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचुरोपैथी (PGDYN)	30
22	पी०जी० डिप्लोमा इन गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स (PGDGST)	30
23	पी०जी० डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन (PGDJMC)	30

प्रवेश हेतु आवश्यक प्रपत्रः–

- प्रवेश पंजीकरण एवं आवेदन पत्र एवं शुल्क रसीद।
- समस्त शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ 01 सेट स्वप्रमाणित छाया–प्रति ।
- दो पासपोर्ट साइज फोटो।
- आधार कार्ड एवं उसकी छाया–प्रति ।
- बैंक पासबुक की छाया–प्रति ।
- अन्तिम संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी०सी०/माइग्रेशन) एवं चरित्र प्रमाण–पत्र मूलरूपेण।
- आरक्षण/भारांक का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत मूल प्रमाण–पत्र साथ लायेंगे। उक्त के अभाव में आरक्षण/ भारांक का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

नोटः–

1. काउन्सलिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु कोई शुल्क देय नहीं है। काउन्सलिंग के बाद ही सम्बन्धित विषय /पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जायेगी, जिसका यथानिर्धारित शुल्क काउन्सलिंग के पश्चात केवल आनलाईन माध्यम से ही देय होगा। जिसकी सूचना पंजीकृत **E-mail** पर दी जाऐगी।
2. प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही प्रवेश पूर्ण होगा। छात्र अपनी शुल्क रसीद संबंधित विभाग में अवश्य जमा करें। काउन्सलिंग में केवल प्रतिभाग करने से प्रवेश पूर्ण नहीं माना जायेगा।

प्रवेश हेतु सम्पर्क सूत्रः–

डॉ० रूबी	7571922011
डॉ० प्रमोद शंकर पाण्डेय	9919674968
डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी	8576015556
डॉ० दिलीप कुमार मद्धेशिया	9451677679
श्री रवि प्रकाश मिश्र	7980636764

डॉ प्रियंका सिंह
(प्रवेश समन्वयक)

डॉ० (पुष्पा मिश्रा)
निदेशक शैक्षणिक

(एस०एल०पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

- माननीय कुलपति जी
- वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
- जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
- प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
- सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव